

नवभारत
इंदौर, बुधवार, 20 मई 2026


## एक नजर में

### मंदसौर के आचार्य पंडित भूपेंद्र शर्मा द्वारा बद्रीनाथ धाम में की जा रही भागवत कथा



**मंदसौर।** मंदसौर के तलैया वाले बालाजी मंदिर के आचार्य पंडित कथावाचक भूपेंद्र जी शर्मा द्वारा बद्रीनाथ धाम 16 मई से प्रतिदिन श्रीमद भागवत कथा का श्रवण श्रद्धालुओ को करवाया जा रहा है। जो कि 22 मई तक चलेगी जिसमे प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण सम्मिलित हो रहे है। मंदसौर से भी लगभग 250 से अधिक श्रद्धालुगण कथा का श्रवण करने बद्रीनाथ धाम पहुंचे है। देव स्थान पर कथा का श्रवण करना बेहद उत्तम को फलदाई माना गया है ऐसे में बद्रीधाम में कथा के आयोजन का लाभ बडी संख्या में श्रद्धालु गण ले रहे है। वहीं पुरुषोत्तम मास होने के कारण कथा का महत्व दोगुना ब?गया है।

### दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे हादसे में बहू के बाद सास की मौत



**भानपुरा।** दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे में घायल भानपुरा निवासी प्रतिष्ठित नाहर परिवार की वरिष्ठ सदस्य श्रीमती विजया देवी नाहर का भी उपचार के दौरान निधन हो गया। इससे पूर्व हादसे में उनकी बहू एवं नाहर इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्य श्रीमती दीपिका नाहर की मृत्यु हो चुकी थी। परिवार में लगातार दो महिलाओं के निधन से नगर सहित पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। जानकारी के अनुसार भानपुरा निवासी सुमेर नाहर (47) पिता सिरेमल नाहर अपने परिवार के साथ शनिवार शाम दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे से गुजर रहे थे। इसी दौरान पुलिस थाना रिंगनोद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गोदीशंकर के समीप उनकी कार भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में सुमेर नाहर, उनकी पत्नी श्रीमती दीपिका नाहर (45), पुत्री अवनी नाहर (18) एवं माता विजया देवी नाहर (68) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को टोल कंपनी की एंबुलेंस से जावरा शासकीय चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने दीपिका नाहर को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद अन्य घायलों को प्राथमिक उपचार के पश्चात रतलाम रेफर किया गया, जहां सुमेर नाहर एवं उनकी पुत्री अवनी का उपचार जारी है।

वहीं गंभीर रूप से घायल श्रीमती विजया देवी नाहर कोमा में चली गई थीं, जिनका सोमवार रात दुखद निधन हो गया। विजया देवी नाहर की अंतिम यात्रा मंगलवार सुबह 11 बजे धानमंडी स्थित निवास से निकाली गई। अंतिम यात्रा में श्वेतांबर जैन समाज सहित नगर एवं क्षेत्र के सैकड़ों नागरिक शामिल हुए। नरसिंह मंदिर के पास बिल्ली तालाब मार्ग स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां उपस्थित जनों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व दीपिका नाहर का अंतिम संस्कार रतलाम में किया गया था। लगातार दो मौतों से नाहर परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है तथा पूरे भानपुरा नगर में शोक की लहर व्याप्त है।

# पीएमयूएमएस की प्रांतीय बैठक में कर्मचारी हितों पर हुआ मंथन



**मन्दसौर।** पीएमयूएमएस की महत्वपूर्ण प्रांतीय बैठक भोपाल में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेशभर से आए पंजीकृत साथियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

उक्त जानकारी देते हुए पीएमयूएमएस मंदसौर के जिलाध्यक्ष गोविंदराम गेहलोत ने बताया कि बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों, कर्मचारी हितों, सदस्य सहयोग अभियान एवं आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही नॉमिनी सहयोग अभियान को अधिक प्रभावी बनाने एवं प्रत्येक पंजीकृत साथी तक पहुंच सुनिश्चित करने का संकल्प लिया गया। बैठक का शुभारंभ संस्थापक सतीश खरे, सहसंस्थापक मुरली मनोहर अजरिया, बुजेश असाटी, पवन खरे, प्रदेश महामंत्री विनोद राठौर, प्रदेश प्रवक्ता रामशंकर तिवारी, प्रदेश महासचिव मुकेश नेमा, धर्मेन्द्र बुंदेला, प्रदेश आईटी सेल प्रभारी आदि ने किया।

कार्यक्रम में समस्त जिला एवं संभागीय पदाधिकारियों ने प्रदेश के दिवंगत साथियों को किए गए सहयोग राशि 2 करो? 15 लाख रुपये का उल्लेख करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में प्रदेश के जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं जिला आईटी सेल प्रभारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति भी रही। प्रदेश अध्यक्ष मुरली मनोहर अजरिया ने सरकार द्वारा लागू किए गए कैशलेस हेल्थ कार्ड पर आभार व्यक्त करते हुए अन्य प्रदेशों की भांति मध्यप्रदेश में भी केंद्रीय वेतनमान लागू करने की मांग रखी। संस्थापक सतीश खरे द्वारा बताया गया कि प्रदेश में संगठन द्वारा पेंशन योजना, एक्सीडेंट योजना एवं कन्यादान योजना के अध्ययन हेतु शीघ्र ही प्रदेश स्तरीय समिति गठित की जाएगी। अन्य पदाधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन सदैव कर्मचारियों के हितों की रक्षा एवं सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में सभी जिलों से आए प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए तथा संगठन को मजबूत बनाने हेतु एकजुट होकर कार्य करने का निर्णय लिया। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। इस दौरान शिक्षक साथी ऋतुराज तिवारी को भोपाल संभाग अध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय प्रवक्ता रामशंकर तिवारी द्वारा किया गया। अंत में सभी साथियों का आभार केशव रघुवंशी द्वारा व्यक्त किया गया।



## जनसुनवाई में अधिकारियों ने तत्परता से सुनी 97 आवेदकों की समस्याएं

**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन ने 97 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में सभी अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आम नागरिकों की समस्याओं का समय पर समाधान किया जाए एवं कोई भी व्यक्ति अनावश्यक परेशान न हो। लोगों को न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनसुनवाई के दौरान आए विभिन्न प्रकरणों में त्वरित निर्देश जारी किए गए।

दलोदा चौपाटी निवासी मलका बी ने विद्युत कनेक?शन की एनओसी दिलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्?तुत किया। जिस पर जनपद सीईओ मंदसौर को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बरखेड़ा लोया निवासी बाबुलाल ने बरसात का पानी की निकासी के संबंध में आवेदन प्रस्?तुत किया। जिस पर तहसीलदार गरोठ को जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। माल?या खेरखेड़ा निवासी किशनलाल ने आम रास्?ते का सिमांकन करवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मंदसौर को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए।





## सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ व जेतावत परिवार ने गौसेवा और वस्त्र वितरण कर पेश की मानवता की मिसाल

**मन्दसौर।** सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ मंदसौर के तत्वाधान में अनुकरणीय पहल करते हुए संगठन की सह मंत्री आशा जेतावत की सुपुत्री वर्षा जेतावत के जन्म दिवस के उपलक्ष में सेवा प्रकल्प का आयोजन किया गया। 10 नम्बर नाका स्थित ब?ी गौशाला में गोवंश को हरा चारा खिलाकर पुण्य अर्जित किया। इसके साथ ही मानवता की सेवा के संकल्प को दोहराते हुए जरूरतमंद परिवारों को वस्त्र भी वितरित किए गए।

इस दौरान संबोधित करते हुए सकल जैन समाज महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री विनाली मेहता ने कहा कि जन्मदिन जैसे मांगलिक अवसरों को केवल चकाचौंध और दिखावे में गंवाने के बजाय, समाज और जीव मात्र की सेवा में समर्पित करना ही हमारी जैन संस्कृति के मूल संस्कारों को दर्शाता है। उन्होंने आशा जेतावत और उनकी सुपुत्री वर्षा जेतावत को साधुवाद देते हुए कहा कि आज ब?ी गौशाला में मूक गोवंश को हरा चारा खिलाकर और अभावग्रस्तों को वस्त्र भेंट कर इस परिवार ने समाज के सामने एक प्रेरणादायी उदाहरण पेश किया है।

**एक नजर** — शिवना शुद्धिकरण अभियान के 120वें दिन निकली 4 ट्रॉली गंदगी

# शिवना में कचरा डालने वाले पाप के भागीदार होंगे : विधायक जैन



**मंदसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान के 120वें दिन मंगलवार को शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रमदानियों ने शिवना नदी में श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। करीब दो घंटे चले अभियान के दौरान नदी में जमा प्लास्टिक कचरा, गाजर घास एवं अन्य गंदगी हटाकर 4 ट्रॉली कचरा बाहर निकाला गया।

अभियान के दौरान विधायक विपिन जैन ने कहा कि मां शिवना अब धीरे-धीरे स्वच्छ और निर्मल हो रही है। ऐसे में जो भी व्यक्ति नदी में अशुद्ध सामग्री, कचरा या देवी-देवताओं की तस्वीरें डालेगा, वह पाप का भागीदार होगा। उन्होंने कहा कि भगवान पशुपतिनाथ भी ऐसे लोगों को माफ नहीं करेंगे।

मीडिया से चर्चा करते हुए विधायक जैन ने कहा कि शिवना नदी को स्वच्छ बनाए रखना प्रत्येक मंदसौरवासी की जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से प्रतिदिन प्रातः 7 से 9 बजे तक चलने वाले शिवना शुद्धिकरण अभियान में शामिल होकर श्रमदान करने का आह्वान किया।

अभियान में समाजसेवी, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, महिलाएं, ग्रामीणजन एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान विधायक विपिन जैन के साथ रमेश सोनी, हेमराज खाबिया, राकेश जैन पिंटू, भंवरलाल प्रजापत, रामचंद्र मालवीय, शांतिलाल मेमावत सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे।

इसके अलावा दलौदा सगरा, गुराड़िया देदा एवं नालछा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग श्रमदान के लिए पहुंचे। सकल जैन समाज युवा प्रकोष्ठ, विभिन्न महिला मंडलों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। बड़ी संख्या में महिलाओं ने नदी से गंदगी निकालने में सहयोग करते हुए स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया।

## नीमच

## एक नजर में

### मनासा में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर





**नीमच।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय मनासा द्वारा मंगलवार को पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनासा में नि:शुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ.मदनलाल पाटीदार ने आमवात, संधिवात, उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिश्याय, रक्त अल्पता, उच्च रक्तचाप, स्त्रीरोग, मधुमेह आदि बीमारियों की जांच कर नि:शुल्क औषधियां वितरित की। शिविर में कुल 47 हितग्राहियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में श्रीमती सुशीला खिंचावत, अयोध्या प्रसाद अहिरवार शहरी सुपरवाइजर, श्रीमती नीरूबाला कोरडे एवं श्रीमती मीना पाटीदार ने सहयोग किया।

### नीमच परिश्रम वहां चाबी है जो सफलता के सारे द्वार खोलती है : आभा विनायका



**नीमच।** सफलता उसी के कदम चूमती है जो परिश्रमी, मेहनती और लक्ष्य को साधने में निपुण हो। छोटे-छोटे बच्चों को सही मार्गदर्शन मिले तो नीमच की धरती पर भी मेराडोना, मैसी, रोनाल्डो पैदा हो सकते हैं। परिश्रम वहां चाबी है जो सफलता के सारे द्वार खोलती है। उक्त उदगार कांग्रेस फुटबाल प्रशिक्षण शिविर में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप की अध्यक्ष आभा विनायका ने व्यक्त किये। प्रशिक्षण शिविर में पार्षद भारत अहीर, अंजना सोनकर, हुसैन कारपेंटर, राकेश सोनकर, सलीम भाई, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राधेश्याम भगवान, अंजलि जैन का स्वागत कांग्रेस सेवादल के जिला अध्यक्ष गजेंद्र यादव, डॉ. पृथ्वी सिंह वर्मा, जिला कांग्रेस महिला अध्यक्ष आशा सांभर, बेबी मेहरा, इलियास भाई, अनिल विनायका, भुवन सिंह लतीफ पठान ने किया। वरिष्ठ नेता राधेश्याम भगवान ने कहा कि प्रशिक्षण अच्छे प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में होगा तो वह हीरे की तरह उसकी प्रतिभा को चमका देगा। सलीम भाई ने कहा कि सेव गर्ल ने वहां कार्य कर दिखाया है जो बड़ी-बड़ी संस्थाएं नहीं कर पाती है। मैं सेवा दल को बधाई देता हूं। फुटबॉल कोच मयंक सैनी को सेवा दल द्वारा सम्मानित किया गया। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष और शिविर निदेशक अनिल चौरसिया ने कार्यक्रम संचालक और आभार लतीफ पठान ने माना।

# कलेक्टर ने दलपतपुरा में जाजम पर बैठकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

- रात्रि चौपाल में बिजली, पानी, सड़क से लेकर स्वरोजगार के त्वरित निराकरण के निर्देश



**नीमच।** 'प्रशासन गांव की चौखट पर' की संकल्पना को साकार करते हुए कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने रविवार को जिलाधिकारियों के साथ तहसील जीरन के अनुसूचित जनजाति बाहुल्य ग्राम दलपतपुरा में रात्रि चौपाल आयोजित की। कलेक्टर ने ग्रामीणों के साथ एक ही जाजम पर बैठकर एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

**रात्रि चौपाल के प्रमुख निर्णय एवं निर्देश:** स्वरोजगार को बढ़ावा- भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के तहत 11 हितग्राहियों के प्रकरण तैयार किए गए। पैर से दिव्यांग युवक पवन को इसी योजना में ऋण सहायता एवं आवश्यकता पड़ने पर रेड क्रॉस से भी आर्थिक मदद का आश्वासन दिया गया।

**हर घर नल से जल**- जल निगम को क्षेत्र के सभी गांवों में 3 दिन में गुणवत्ता पूर्ण रोड रेस्टोरेशन एवं वंचित बसाहटों में हर घर नल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महाप्रबंधक जल निगम ने बताया कि दो माह में सभी गांवों में नल से जलापूर्ति प्रारंभ हो जाएगी। स्थानीय युवक प्रेमलाल को पंप ऑपरेटर का प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

**बिजली समस्या का समाधान**- ग्राम दलपतपुरा की विद्युत लाइन जीरन से जोड़ने हेतु एक सप्ताह में सर्वे कर प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश। लो वोल्टेज समाधान हेतु 3 दिन में अधिक क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाने का आश्वासन।

**सड़क मरम्मत**- लोक निर्माण विभाग को जीरन-चीता खेड़ा सड़क की तत्काल मरम्मत एवं एक सप्ताह में गड्ढे ठीक करने के निर्देश। ग्राम हरवार में पीएमजीएसवाई की क्षतिग्रस्त सड़क संधारण अवधि में होने से ठेकेदार से तत्काल ठीक कराने के निर्देश।

**ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था** - पीएचई को मंगलवार को दलपतपुरा पहुंचकर नवीन नलकूप खनन व हैंडपंपों में सिंगल फेस पंप स्थापित कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश।

**आधारभूत संरचना**- स्टाप डेम मरम्मत, शाला बाउंड्री वॉल, दलपतपुरा-अघोरिया मार्ग पर पुलिया, नायनखेड़ी में शमशान शेड एवं खेल मैदान निर्माण के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश पंचायत सचिव को दिए।

**वन क्षेत्र आबादी का व्यवस्थापन**- वन एवं राजस्व विभाग को संयुक्त सर्वे कर एसडीएम के माध्यम से प्रस्ताव तैयार कर वन क्षेत्र में व्यवस्थापन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गये।

**सामाजिक सुरक्षा**-गांव की महिला आशा बेवा दौलत राम की समग्र आईडी बनाने, नियमानुसार पेंशन, खाद्यान्न पात्रता पर्ची एवं शासन की अन्य योजनाओं का पात्रतानुसार लाभ दिलाने के निर्देश जनपद सीईओं को दिए गये।

**कुपोषण पर वार** - महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सेम एवं मैंम श्रेणी के 5 बच्चों को सुपोषण किट प्रदान की गई। मुख्यमंत्री मजरा-टोला योजना के तहत पुरानी आबादी दलपतपुरा में सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत हो गया है, शीघ्र निर्माण प्रारंभ होगा।



## 'सुरक्षित मातृत्व, स्वस्थ शिशु' :सीवियर एनिमिक प्रत्येक गर्भवती महिला को

- कृषि उपज मंडी में करीब 850 से अधिक हैं सदस्य

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को समय-सीमा पत्रों के निराकरण एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में मातृ स्वास्थ्य, उपार्जन एवं ईंधन आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

मातृ स्वास्थ्य सुरक्षा: बैठक में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया, कि ए.एन.सी. जांच में सीवियर एनिमिक चिन्हित गर्भवती महिलाओं को बी.टी. (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) करवाने पर प्रति महिला 750 रुपये की सहायता राशि रेडक्रास से प्रदान की जाए। इस सप्ताह बी.टी. करवाने वाली 19 गर्भवती महिलाओं की सूची तत्काल रेडक्रास प्रभारी को सौंपने तथा भविष्य में साप्ताहिक/मासिक सूची नियमित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उपार्जन एवं भण्डारण: कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर गेहूं, चना, मटर उपार्जन की समीक्षा कर निर्देश दिए कि अब तक उपार्जित उपज का तत्काल परिवहन कर वेयर हाउस में भण्डारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि परिवहन या भण्डारण की समस्या से खरीदी कार्य बाधित न हो।

निर्बाध आपूर्ति: कलेक्टर ने जिले के पेट्रोल पम्पों, डीजल पम्पों पर पेट्रोल, डीजल तथा गैस सिलेण्डरों की उपलब्धता एवं आपूर्ति की समीक्षा कर संबंधित कंपनियों से सतत समन्वय कर निरंतर आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस. कलेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री एन.एस. सिसोदिया, समस्त एसडीएम एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**एक नजर** — बच्चों के साथ-साथ वरिष्ठजन भी 'सिंधियत की पाठशाला' में उत्साह से हुए सम्मिलित

# सिंधियत जी पाठशाला' पंद्रह दिवसीय समर कैंप का हर्षोल्लास के साथ शुभारंभ

**नीमच।** सिंधी समाज में सिंधी भाषा, संस्कृति और संस्कारों को जानने तथा समझने के लिए पूज्य सिंधी पंचायत ने एक सराहनीय पहल करते हुए पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वावधान में सिंधी साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल के सहयोग से 17 मई 2026, रविवार को (ज्येठ चंड्र) ज्येष्ठ चंद्रदर्शन के पवित्र पावन अवसर पर स्थानीय विकास नगर स्थित, श्री झूलेलाल मंदिर पर सायं 5:30 बजे पंद्रह दिवसीय 'सिंधियत जी पाठशाला' समर कैंप का हर्षोल्लास से शुभारंभ हुआ।

सर्वप्रथम पूज्य सिंधी पंचायत के संरक्षक मनोहर अर्जनानी, अध्यक्ष 'मुखी' ईश्वर आहूजा, महासचिव महेश वर्धानी, सह सचिव राजेश सोनी व किशन अन्दानी, कोषाध्यक्ष पूरण रामचंदानी, सह कोषाध्यक्ष गोपाल मूलचंदानी, परमानंद पारवानी, पूज्य सिंधी पंचायत महिला संगठन अध्यक्षा श्रीमती आकांक्षा जीतू तलरेजा, इंटरनेशनल सिंधी सेवा महिला संगठन अध्यक्षा श्रीमती दिव्या लालवानी, सचिव श्रीमती कोमल भाग्यवानी, श्रीमती रोहिड़ा, श्रीमती अंजली आसवानी, श्रीमती लाजवंती अंदानी ने सामूहिक होकर भगवान श्री





झूलेलाल की मूर्ति पर पुष्प माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित कर 'आयोलाल-जय झूलेलाल' के जयघोष के साथ 'सिंधियत जी पाठशाला' का शुभारंभ किया। तत्पश्चात 'मुखी' ईश्वर आहूजा ने स्वागत भाषण दिया और अपने उद्बोधन में संबोधित करते समाज में भाषा, संस्कृति और संस्कारों पर जोर देते हुए समाज के सभी वर्गों से 'सिंधियत जी पाठशाला' का लाभ लेने का आग्रह किया तथा भाषा, संस्कृति और संस्कारों को बढ़ावा देने के लिए समाज से आपस में सिंधी भाषा, संस्कृति और संस्कारों का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। पंचायत के पूर्व अध्यक्ष 'मुखी' एवं संरक्षक मनोहर अर्जनानी ने भी अपने उद्बोधन में 'सिंधियत जी पाठशाला' के शुभारंभ पर प्रशंसा करते हुए सभी समाजजनों को बधाइयां प्रेषित कर समाजजनों से अपने-अपने घरों में आपस में विशेष कर बच्चों से ज्यादा से ज्यादा सिंधी भाषा, खान पान, संस्कृति का उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा कोई सी भी हो, शिक्षा और सद्गुण प्राप्त करने की कोई उम्र नहीं होती है। हमें जब भी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिले हमें उसका पूरा फायदा उठाना चाहिए। श्री अर्जनानी ने पहले दिन ही करीब 70 प्रतिभागियों की संख्या देखकर आश्चर्च किया और इतनी उपस्थित को देखकर खुशी जाहिर की। पाठशाला में उम्र का कोई बंधन नहीं होने के कारण बच्चों के साथ साथ समाज के वरिष्ठजनों (सीनियर सिटीजनो) ने भी हर्षौल्लास से बढ़चढ़ कर इस पाठशाला में प्रवेश लिया।